दिनांक-22फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के 79155 हितग्राहियों को मिल चुका है राशनकार्ड , शिविर लगाकर किया जा रहा है वितरण

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत राशनकार्ड और नवीनीकृत पट्टे का वितरण किया जा रहा है। महापौर परिषद के सदस्य प्रतिदिन वार्डो में आयोजित शिविर में पहुंचकर सीधे हितग्राहियों के हाथों में वितरण करते हुए राशनकार्ड के महत्व व उपयोगिता की जानकारी भी दे रहे हैं। आज जोन 02 व जोन 03 क्षेत्र में आयोजित शिविरों में एमआईसी सदस्य सुभद्रा सिंह, सूर्यकान्त सिन्हा, दुर्गाप्रसाद साहू, जोहन सिन्हा एवं दिवाकर भारती ने हितग्राहियों को पट्टा व राशनकार्ड वितरण किए। प्रतिदिन वार्डो में लगने वाले शिविर में अब तक 2761 पट्टा एवं 79155 राशनकार्ड वितरण किए जा चुके है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिदिन शिविर के माध्यम से पट्टा एवं राशन कार्ड वितरण वार्डो में किया जा रहा है जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर रहे हैं। आमजन के बीच उनके वार्डो में शिविर लगाकर अब तक 1984 के नीवीनीकृत मूल पट्टे 2761 हितग्राहियों को वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार बीपीएल राशनकार्ड के 60221 हितग्राही तथा एपीएल के नवीन राशनकार्ड 18934 हितग्राहियों को वितरण किया जा चुका है। जिन क्षेत्रों में शिविर लगने के पश्चात किसी कारणवश जो लोग राशनकार्ड एवं पट्टा प्राप्त नहीं कर पाए है वे अपने नजदीकी जोन कार्यालय से जरूरी दस्तावेज दिखाकर अपना राशनकार्ड एवं पट्टा प्राप्त कर सकते हैं। आज वार्ड 19 शास्त्री नगर में आयोजित शिविर में एमआईसी सदस्य दिवाकर भारती और जोहन ने 1984 के नवीनीकृत मूल पट्टे का 15 हितग्राहियों को वितरण किया। वार्ड 46-47 के आयोजित शिविर में एमआईसी सदस्य दुर्गाप्रसाद साहू ने नवीन एपीएल राशनकार्ड के 210 हितग्राहियों को वितरण किया, वार्ड 49 हनुमान मंदिर में आयोजित शिविर में एमआईसी सदस्य सुभद्रा सिंह , सूर्यकान्त सिन्हा, दुर्गाप्रसाद साहू व वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने 180 नवीन राशनकार्ड हितग्राहियों को वितरण किए। इसी प्रकार सेक्टर 02 वार्ड 50 गणेशमंच के शिविर में एमआईसी सदस्य सुभद्रा सिंह, सूर्यकान्त, दुर्गाप्रसाद साहू ने 110 नवीन राशनकार्ड वितरण किए। इस दौरान शिविर में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के बीच महापौर परिषद के सदस्यों ने एपीएल-बीपीएल राशनकार्ड तथा 1984 के नवीनीकृत मूल पट्टे की उपयोगिता व उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। राशनकार्ड पर सबका अधिकार के तहत नया राशनकार्ड बनने तथा 30 वर्षों की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से नागरिकों ने हर्ष जताया।

जनसम्पर्क अधिकारी